आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 19.04.2022

आरेडिका में मनाया गया वर्ल्ड हेरीटेज डे

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 18.04.2022 को वर्ल्ड हेरीटेज डे पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र एवं सेन्ट्रल पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आईसीएफ के पूर्व महाप्रबंधक श्री सुधांशु मणी एवं आरेडिका के महाप्रबंधक एवं पीसीएमई श्री एस.एस. कलसी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर आईसीएफ के पूर्व महाप्रबंधक महोदय, श्री सुधांशु मणी ने वर्ल्ड हेरीटेज डे 2022 की थीम "हेरीटेज और क्लाइमेट " पर अभिभाषण दिया, जिसमें उन्होने रेलवे से जुड़े ऐतिहासिक , सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व के स्थलों के संरक्षण के लिए आईसीएफ में किए गये कार्यों पर प्रकाश डाला ।

आरेडिका प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री एस.के. सैनी ने ग्वालियर से श्योपुर छोटी रेल पर एवं टी.टी.सी. प्रिन्सिपल श्री शिवम द्वारा ग्लोवल वार्मिंग के संबंध में बहुमूल्य जानकारी को साझा किया गया।

आगे इसी क्रम में सेन्ट्रल पार्क के पास बने रेलकोच हेरीटेज साइट पर " हमारी विरासत हमारी पहचान" विषय पर आरेडिका के सांस्कृतिक संगठन द्वारा एक नुक्कड नाटक एवं केन्द्रीय विधालय के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक एवं प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस. एस. कलसी द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य संयंत्र अभियंता श्री संजय कुमार कटियार, पीसीएमएम श्री एन डी राय, पीसीईई श्री संजय अग्रवाल, पीएफए श्री जे एन पाण्डे एवं पीसीपीओ श्री अमर नाथ दूबे सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर. एन. तिवारी) 19/4/2022
मुख्य जन संपर्क अधिकारी